# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ०प्र०–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com


पत्रांकः 897/सि०वि०वि०/सम्बद्धता/2026 दिनांकः 29/09/2026

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्ववविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

विषय–सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत निर्धारित कार्यक्रम "मेरे सपनों का भारत" विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तरीय भाषाण प्रतियोगिता के आयोजन की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ०शि०), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्रांक–डिग्री विकास/1727/2026–27, दिनांक–28.09.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से सेवा संकल्प अभियान (17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026) के अन्तर्गत "मेरे सपनों का भारत" कार्यक्रम से सम्बन्धित महाविद्यालय स्तरीय भाषाण प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक–17.09.2026 से 24.09.2026 तक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। महाविद्यालय स्तर पर विजयी छात्र/छात्राओं के मध्य विश्वविद्यालय स्तर पर दिनांक–30.09.2026 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

अतः समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में "मेरे सपनों का भारत" कार्यक्रम से सम्बन्धित महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करना सुनिश्चित करें, तथा साथ ही यह भी अवगत कराना है कि अपने महाविद्यालय में विजयी छात्र/छात्राओं की सूची निर्धारित प्रारूप पर अतिशीघ्र/तत्काल विश्वविद्यालय के ई–मेल sukaffiliation@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में दिनांक–30.09.2026 को प्रतिभाग करने हेतु विजयी छात्र/छात्राओं को सम्मिलित किया जा सके। अन्यथा कि स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

कार्यक्रम का नाम–"मेरे सपनों का भारत"

| क्रम सं० | महाविद्यालय का कोड | महाविद्यालय का नाम | दिनांक | भाषण का विषय | स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रतिभागी छात्र–छात्राओं की संख्या | विजेता छात्र/छात्राओं की सूची (नाम, कक्षा एवं मो0नं0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | 1–<br>2–<br>3– |

भवदीय

29/09/26

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बस्ती।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
4. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

ई-मेल

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),

शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,

प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक- डिग्री विकास/ 1727 /2026-27 दिनांक- 28 /09/2026

विषयः- सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत "मेरे सपनों का भारत" कार्यक्रम से सम्बन्धित विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सूच्य है कि इस कार्यालय के पत्रांक- डिग्री विकास/1638/2026-27 दिनांक- 18/09/2026 द्वारा मेरे सपनों का भारत भाषण प्रतियोगिता के अन्तर्गत महाविद्यालय स्तर/विश्वविद्यालय स्तर एवं राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश निर्गत किये गये थे। जिसमें महाविद्यालय स्तर पर दिनांक- 17/09/2026 से 24/09/2026 तक भाषण प्रतियोगिता संपन्न होनी थी। महाविद्यालय स्तर पर विजयी छात्र/छात्राओं के मध्य विश्वविद्यालय स्तर पर 25/09/2026 से 01/10/2026 तक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

1. उक्त के क्रम में समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली भाषण प्रतियोगिता का विवरण संलग्न प्रारुप पर अविलम्ब ई-मेल आई-डी sevasankalpabhiyan.dheup@gmail.com पर उपलब्ध कराएं।
2. सभी कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालयों से यह अपेक्षित है कि विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का विवरण निर्धारित प्रारुप पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराएंगे।

विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित "मेरे सपनों का भारत" कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता का प्रारुप

| क्र.सं. | विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का दिनांक | भाषण का विषय | प्रतिभागी छात्र/छात्राओं की संख्या (महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राएं) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

भवदीय,

(हस्ताक्षर) 28/9/26

डॉ0 (शशि कपूर)

संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0)

कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),

उ0प्र0, प्रयागराज।

Scanned with OKEN Scanner